कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सरगुजा(अम्बिकापुर)(छ0ग0)

:: तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी भर्ती–2023::

–:: सूचना–पत्र ::–

कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सरगुजा, (छ0ग0) के विज्ञापन क्रमांक 1078/दो–11–1/2023 दिनांक 05.07.2023 के द्वारा जिला स्थापना अंतर्गत रिक्त आदेशिका वाहक (नियमित)–03 पद एवं भृत्य (नियमित)–07 पद हेतु दिनांक 25.07.2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था, प्राथमिक तौर पर प्राप्त आवेदन पत्रो की सूची प्रकाशित करते हुए, उक्त पदों हेतु लिखित परीक्षा की तिथि, समय निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है:–

–:: परीक्षा कार्यक्रम ::–

क्र	पद नाम	परीक्षा का नाम	परीक्षा का दिनांक	परीक्षा का समय	अनुक्रमांक	परीक्षा स्थल
1	आदेशिका वाहक	लिखित परीक्षा	20.08.2023 (रविवार)	प्रात: 10.00 से 11:00 बजे तक (परीक्षा कक्ष में उपस्थित होने का समय 09.45 बजे)	4001 से 4762 तक	शासकीय बालिका उ.मा. विद्यालय, अम्बिकापुर
2	भृत्य (नियमित)	लिखित परीक्षा	20.08.2023 (रविवार)	प्रात: 10.00 से 11:00 बजे तक (परीक्षा कक्ष में उपस्थित होने का समय 09.45 बजे)	5001 से 5900 तक	शासकीय मल्टीपरपज उ.मा. विद्यालय, अम्बिकापुर
					5901 से 6374 तक	शासकीय नगर पालिक निगम उ. मा. विद्यालय, अम्बिकापुर

__टीप :–__ यदि उपरोक्त पदों के लिखित परीक्षा, नियत तिथि को सम्पन्न नहीं हो पाती है, और स्थगित होती है, तो उक्त दिवस को ही उपस्थित अभ्यार्थियों को आगामी लिखित परीक्षा तिथि की जानकारी देते हुए, परीक्षा कार्यक्रम जिला न्यायालय के वेबसाईड एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया जावेगा।

प्रकाशित विज्ञापन अनुसार उपरोक्त पदों हेतु अधिक संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त होने से अभ्यर्थियों की संख्या सिमित किये जाने हेतु प्रथमत: लिखित परीक्षा का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया है, उक्त लिखित परीक्षा केवल अभ्यर्थियों की संख्या समिति किये जाने हेतु ली जा रही है, उपरोक्त पदों हेतु चयन अभ्यर्थियों के द्वारा साक्षात्कार में प्राप्त अंक के आधार पर ही किया जावेगा।

__आदेशिका वाहक एवं भृत्य__ के विज्ञापित पदों हेतु अभ्यर्थियों की संख्या सिमित किये जाने हेतु, 50 अंक के वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के संयुक्त लिखित परीक्षा का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके उपरांत लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्राविण्य/मेरिट सूची जारी करते हुए, विज्ञापित पद के 15 गुना अभ्यर्थियों का

साक्षात्कार आयोजित किया जावेगा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंक के आधार पर चयन किया जावेगा। साक्षात्कार हेतु नियत तिथि की जानकारी जिला न्यायालय के वेबसाईट में पृथक से दी जावेगी।

जिन अभ्यर्थियों के द्वारा आदेशिका वाहक एवं भृत्य के दोनो पद हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, वे अभ्यर्थीगण उन्हे आदेशिका वाहक के पद हेतु आबंटित अनुक्रमांक एवं परीक्षा स्थल पर, परीक्षा हेतु उपस्थित होंगे तथा उनके द्वारा लिखित परीक्षा हेतु उन्हें दोनो पदों हेतु आबंटित अनुक्रमांक का उल्लेख अपने उत्तरपुस्तिका में करना होगा, जिससे उनके द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक दोनो पद हेतु प्राविण्य सूची तैयार किये जाने हेतु विचार में लिया जावेगा।

उपरोक्त परीक्षा योजना अनुसार विज्ञापित पदों के विरूद्ध प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर, अभ्यर्थियों को अनुक्रमांक/रोल नम्बर आबंटित कर, लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है तथा अभ्यर्थियों के द्वारा प्रस्तुत जानकारी के आधार पर, प्रवेश पत्र जारी किया जा रहा है। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जा रहा है कि यदि उनके द्वारा प्रस्तुत जानकारी एवं प्रवेश पत्र में दर्ज जानकारी में भिन्नता हो तो, कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय, (सरगुजा) अम्बिकापुर में दिनांक 18.08.2023 तक उपस्थित होकर, आवश्यक सुधार कार्य करा लेवें।

यह भी निर्देशित किया जाता है कि अभ्यर्थी प्रवेश पत्र का प्रारूप **जिला न्यायालय सरगुजा के वेबसाईड (https://surguja{dot}dcourts{dot}gov{dot}in में से** डाउनलोड कर समस्त प्रविष्टि करते हुए, वैध पहचान प्रमाण पत्र जैसे डाईविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड/मतदान परिचय पत्र/स्मार्ट कार्ड सहित लिखित परीक्षा तिथि को परीक्षा समय से 45 मिनट पूर्व परीक्षा स्थल में उपस्थित रहेंगे, ताकि प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र का मिलान कर, उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जा सके। किसी भी आवेदक को अन्य किसी भी माध्यम से लिखित परीक्षा हेतु सूचना/प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा, इस संबंध में कोई पत्राचार ग्राह्य नहीं होगा।

परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को स्वयं के व्यय पर परीक्षा तिथि को प्रवेश पत्र में अंकित, निर्धारित स्थान एवं समय पर उपस्थित रहना होगा। उन्हें किसी प्रकार का यात्रा व्यय आदि देय नहीं होगा।

11/8/2023

अध्यक्ष
चयन समिति
जिला एवं सत्र न्यायालय
सरगुजा(अम्बिकापुर) छ0ग0